पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल से मिले जैव चिकित्सा अनुसंधान के निदेशक

लखनऊ : 20 जुलाई, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज राजभवन में जैव चिकित्सा अनुसंधान केन्द्र, लखनऊ के निदेशक डॉ0 आलोक धावन ने शिष्टाचार भेंट की और संस्थान द्वारा किये जा रहे नवीनतम शोध कार्यों से संबंधित एक विवरणिका दी।

राज्यपाल जी ने अनुसंधान केन्द्र द्वारा टी0बी0, लिवर तथा हड्डियों की जांच के साथ ही कोविड–19 से उत्पन्न अनेक बीमारियों पर किये जा रहे शोध कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जैव चिकित्सा अनुसंधान केन्द्र द्वारा चिकित्सा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में जो अनुकरणीय कार्य किया जा रहा है, उसका लाभ गम्भीर रोग से ग्रस्त गरीब लोगों को मिलने से उनकी सहायता होगी।

राजभवन(269/12)